## एक नजर में

### दिवाली मिलन समारोह आयोजित

**जीरापुर 28 अक्टूबर, सं.** पेंशनर्स संघ स्थानीय शाखा द्वारा पेंशनर्स भवन में दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद सहित उपस्थित पेंशनरों ने एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दी. कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्ति एसडीएम आरएन कुशवाह, मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति प्राचार्य बीएम गुप्ता एवं ठाकुर मोहनसिंह जमींदार, चुन्नीलाल कुशवाह ने की. इस अवसर पर पेंशनर्स संघ ने विभिन्न बिंदुओं पर चर्चाएं की, जिसमें महंगाई भत्ता स्वीकृत होने, नवंबर में जीवित प्रमाण पत्र देने, दुर्घटना बीमा करवाने एवं पेंशनरों को बैंकिंग कार्य में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो उस पर विस्तार से चर्चा की गई. तथा अंत में विगत एक वर्ष में जो 10 पेंशनर दिवंगत हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. इस अवसर पर पेंशनर पंडित श्यामसुंदर शर्मा, प्रोफेसर राधावल्लभ गुप्ता, शमशेर खान, फरीद कुरैशी, रमेश शर्मा कृषि, जेसी गुप्ता, आरसी चौरसिया, अशरफ खान, सुरेश भावसार महिला मोर्चा की सदस्य एवं अन्य पेंशनर उपस्थित रहे जहां संचालन मोहनलाल पुष्पद ने किया.

### पेंशनर्स अपना जीवित प्रमाण पत्र जमा करें

**सारंगपुर 28 अक्टूबर, सं.** पेंशनर्स अपना जीवित प्रमाण पत्र 30 नवंबर तक संबंधित बैंक में जमा करें प्रत्येक वर्ष पेंशनर्स को अपने जीवित होने का प्रमाण पत्र (लाइफ सर्टिफिकेट) संबंधित बैंक जिसमें पेंशनर का खाता है अनिवार्य रूप से माह नवंबर में 1 नवंबर से 30 नवंबर तक प्रस्तुत करना होता है. यह जानकारी मध्य प्रदेश पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय सचिव/शाखा अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण त्रिकार ने बताया. उन्होंने बताया कि प्रत्येक पेंशन भोगी को साल में एक बार बैंक में अपना लाइफ सर्टिफिकेट यानी जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होता है. इसे हर साल 30 नवंबर तक जमा करना अनिवार्य होता है. ऐसा करने की स्थिति में पेंशन रुक जाती है. सचिव नंदकिशोर सोनी ने सभी पेंशनर्स साथियों से आग्रह किया है कि नियत समयावधि में बैंक में जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करते समय उन्हें अपना पासपोर्ट साइज का फोटो, पीपीओ नंबर, स्वयं का आधार कार्ड, बैंक खाता नंबर, स्थाई पता, मोबाइल नंबर देना अनिवार्य होगा.

### जनसुनवाई में सुनीं आमजन की समस्याएं

**राजगढ़ 28 अक्टूबर, का.** जिला मुख्यालय पर प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का निराकरण किया जाता है. आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे. आयोजित जनसुनवाई में राजगढ़ निवासी गिरवर सिंह ने बताया कि आवेदक की भूमि पर अनावेदको द्वारा कब्जा कर लिया गया है. जिससे आवेदक को काफी परेशानी हो रही है. अपर कलेक्टर द्वारा तहसीलदार जीरापुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. ग्राम परसूलिया निवासी राहूल सोलंकी ने बताया कि आवेदक को अभी तक किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल रहा है. आवेदक को पूर्व में किसान सम्मान निधि प्राप्त हो रही था किन्तु किसी कारण वश अब नहीं मिल पा रही है जिससे आवेदक को परेशानियों का सामना करना पड रहा है. अपर कलेक्टर द्वारा एसएलआर नरसिंहगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. इस अवसर पर 60 आवेदन प्राप्त हुए.

# नाराज किसानों ने एक घंटे लगाया जाम

## मंडी गेट के सामने ब्यावरा रोड पर सोयाबीन का सही भाव नहीं मिलने से आक्रोशित हुए किसान

**सुठालिया कृषि मंडी में दूसरे दिन भी बनी हंगामे के स्थिति**

**मौके पर पहुंचा प्रशासनिक अमला, वाहनों की लगी लम्बी कतारें**



नवभारत न्यूज

**सुठालिया/ब्यावरा 28 अक्टूबर, सं. कृषि उपज मंडी सुठालिया में सोयाबीन के उचित भाव नहीं मिलने से नाराज किसानों ने मंगलवार की दोपहर को मंडी गेट के सामने ब्यावरा रोड पर जाम लगा दिया. एक घंटे से अधिक समय तक जाम रहने से वाहनों की लम्बी कतारे लग गई. जानकारी लगते ही प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस बल मौके पर पहुंचा तथा किसानों से चर्चा कर समझाईश दी गई किंतु काफी देर तक सामंजस नहीं बन पाने से जाम के हालात बने रहे.**

जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुठालिया स्थित कृषि उपज मंडी में भावांतर योजना के तहत सोयाबीन की खरीदी कार्य के दौरान उस समय हंगामे की स्थिति निर्मित हो गई जब किसानों ने उनकी सोयाबीन उपज को कम भाव पर खरीदने पर नाराजगी जताई तथा वह उचित दाम पर सोयाबीन खरीदी की मांग करने लगे.

### सोमवार भी हुआ था हंगामा

गौरतलब है कि सुठालिया कृषि मंडी में सोमवार के दिन भी हंगामे की स्थिति बन गई थी. जहां सोयाबीन के भाव कम मिलने से नाराजगी है वहीं कुछ लोगों का कहना है कि सांठगांठ के चलते मंडी परिसर में उपज की तौल न करवाते हुए दो-दो किमी दूर गोदाम पर तौल कराई जाती है. जबकि नियम यह है की मंडी से बाहर माल तुलने नहीं जाना चाहिए. इसको लेकर भी किसानों में नाराजगी देखी गई.

### सड़क पर वाहन लगाकर जाम

नाराज किसानों ने मंडी गेट के सामने सुठालिया-ब्यावरा मार्ग पर उपज से भरी ट्रेक्टर ट्रॉली आड़ी खड़ी कर एवं कुछ सोयाबीन को भी सड? पर फैलाकर जाम लगा दिया. इससे दोनों और से वाहनों की आवाजाही थम गई. जानकारी लगने पर तहसीलदार दौजीराम अहिरवार, थाना प्रभारी प्रवीण जाट, मंडी सचिव देवीसिंह सौंधिया मौके पर पहुंचे तथा किसानों को समझाईश देते हुए जाम समाप्त करने का आग्रह करते रहे.

### एम्बुलेंस को निकाला

जाम के दौरान मार्ग से गुजर रही एम्बुलेंस को तुरंत रास्ता देते हुए यहां से निकालकर उसके गंतव्य की और रवाना किया गया.

### डेढ़ घंटे तक रहा जाम

ब्यावरा रोड पर किया गया जाम करीब डेढ़ घंटे तक रहा. तहसीलदार एवं मंडी सचिव द्वारा व्यापारियों के साथ बैठक की गई. जिसमें कहा गया कि आपसी सामंजस के साथ सभी कार्य करें. बैठक में कहा गया कि फिलहाल भावांतर योजना में खरीदी को लेकर शासन की कोई गाइड लाइन नहीं आयी है. इसके बाद शाम 4.30 बजे से नीलामी शुरु कर दी गई. जिसमें 4100 से 4200 रुपये प्रति क्विंटल तक सोयाबीन बिकी.

### वाहनों की लगी लंबी कतारें

दोपहर लगभग 1.45 बजे किसानों ने मंडी गेट के सामने उपज से भरी ट्रेक्टर ट्रॉली अड़ाकर एवं सोयाबीन रोड पर फैलाकर जाम लगा दिया. काफी संख्या में लोग यहां मौजूद रहे. प्रशासनिक अधिकारी चर्चा कर समझाईश देते हुए जाम समाप्त करने की कोशिश करते रहे. बावजूद इसके एक घंटे से अधिक समय तक जाम लगा रहा. जाम के कारण दोनों और मार्ग पर वाहनों की लम्बी कतारे लग गई. कई बस, यात्री वाहन जाम में फंसे रहे. आवश्यक कार्य से आने-जाने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा.

# 11 केव्ही लाइन की चपेट में आया मजदूर, मौत

## भोजपुरिया हनुमान मंदिर के पीछे निर्माणाधीन मकान में हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

**पचोर 28 अक्टूबर, सं. नगर के भोजपुरिया हनुमान मंदिर के पीछे निर्माणाधीन मकान के ऊपर से गुजर रहे 11 केव्ही लाईन के तार की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई. हादसे के दौरान मजदूर युवक ईंटे चढ़ा रहा था.**

जानकारी के अनुसार घटना शाम 5 बजे की है. नगर के रेल्वे स्टेशन के सामने रामनगर कॉलोनी का रहने वाला अंकित मालवीय आयु 23 वर्ष एक निर्माणाधीन मकान की छत पर ईंट चढ़ा रहा था. छत से करीब 4 से 5 फीट की ऊंचाई पर 11 केव्ही लाईन के तार गुजर रहे है. युवक काम करने के दौरान उसकी चपेट में आ गया. उसकी करंट का जोरदार झटका लगने से मौत हो गई. मामले की जानकारी लगने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण जांच में लिया है. युवक के माता पिता बुजुर्ग है और वे भी मेहनत मजदूरी करते है. घटना की जानकारी लगने पर उसके आवासीय मोहल्ले में शोक की लहर छा गई.

**पहले भी हो चुकी है घटनाएं**

विभागीय और मकान निर्माताओं की लापरवाही के कारण पूर्व में भी इस प्रकार की घटनाएं हो चुकी है.

करीब 4 वर्ष पूर्व नगर में इसी प्रकार एक बालक को करंट लगने पर उसे अपना हाथ गंवाना पड़ा था. अन्य मामलों में भी गंभीर मानवीय क्षतियां सामने आ चुकी है. बिजली कंपनी को इस प्रकार के 11 केव्ही तारों को दुरूस्त करने और इनकी जद में निर्माणाधीन मकानमालिकों को समझाईश देने की जरूरत है.

### सुरेन्द्र को मिली चार लाख की सहायता

**राजगढ़ 28 अक्टूबर, का.** अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी खिलचीपुर जीरापुर सुश्री अंकिता जैन द्वारा नायब तहसीलदार भोजपुर के प्रतिवेदन पर ग्राम कुमारा निवासी द्रोपती बाई की सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण वैध वारिस पुत्र सुरेन्द्र को चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए तहसीलदार खिलचीपुर को निर्देश दिए.

# तीन साल से नहीं सुधरी पुलिया, दुर्घटना का डर



नवभारत न्यूज

**झाडला 28 अक्टूबर, सं. झाडला से बरखेड़ा डोर प्रधानमंत्री सडक लम्बाई 5 किलोमीटर वर्ष 2016 मे बनाई गई थी. जो अगस्त 2023 में हुई तेज बारिश में पुलिया की पाल एक तरफ से पानी के तेज बहाव के कारण टूट कर गिर गई थी. जिसे टूटे हुए तीन वर्ष से अधीक का समय हो गया है लेकिन सही नहीं की गई है जिससे दुर्घटना का डर बना हुआ है.**


जानकारी के अनुसार पुलिया की पाल के टूट कर बह जाने से राहगीरों को सड़क से वाहन को निकलने में बड़ी समस्या से होकर निकलना पड रहा है. पुलिया की पाल ढह जाने से सड़क की चौड़ाई कम हो गई हैं. सड़क की चौड़ाई कुल 6 फीट ही बची है. जिससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती हैं.

इसी मार्ग से प्रति दिन झाडला शा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पढ़ने सेकड़ों बच्चे आते है. साथ ही आस पास के ग्रामीण बड़ी संख्या में रोज आते जाते है. पुलिया पर कई बार वाहन चलाक दुर्घटना ग्रस्त हो चुके है. समस्या को लेकर गांव के ग्रामीण माखन सिंह राठौर, आकाश राठौर, मनोहर राठौर, दिलीप यादव, विनोद मारण जनपद सदस्य, शिवचरण राठौर पखरी आदि ने प्रशासन से सड़क के पुलिया बह जाने की शिकायत कई बार की है. किन्तु आज तक कोइ अधिकारी ने पुलिया की समस्या को हल नहीं किया.

मामले में सरपंच श्रीमती संगीता राठौर ने बताया कि उक्त पुलिया को लेकर मेरे द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को लिखित आवेदन दिया गया है.

वहीं संजय श्रीवास्तव महाप्रबंधक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना राजगढ़ का कहना है कि उक्त पुलिया पर सुधार के लिए मेरे द्वारा टीम भेजी गई थी, किन्तु झाड़ला गांव के किसानों द्वारा पुलिया मे सुधार कार्य को लेकर आपत्ति की गई. जिससे की पुलिया में सुधार कार्य नहीं हो सका.

### प्लास्टिक मुक्त करने पांच सौ थाली के सेट दिए



**राजगढ़ 28 अक्टूबर, का.** मेडतवाल वैश्य समाज राजगढ़ के तत्वावधान में आयोजित अनकूट महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें आराध्य देवी मां फलौदी को भोग लगाया. आयोजन में समाज के 80 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का सम्मान किया गया. वहीं कक्षा 10 वीं और 12 वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों का समान किया गया. इनमें केशव गुप्ता, आर्य गुप्ता और प्रज्जवल गुप्ता 12 वीं में और नेहा गुप्ता, अंशिका गुप्ता, हर्षिता गुप्ता का 10 वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मान किया गया. इसके अतिरिक्त समाज में नई पहल करते हुए प्लास्टिक मुक्त करने का संकल्प लिया और इसके लिए समाज बंधुओं ने मिलकर आपसी सहयोग से स्टील की 500 थाली के सेट समाज को आयोजनों के लिए भेंट किए. इस मौके पर बड़ी संख्या में मेड़तलवाल समाज के सदस्यगण माजूद रहे.

# जाम से रोज बन रहे विवाद के हालात



नवभारत न्यूज

**जीरापुर 28 अक्टूबर, सं. नगर के मुख्य मार्ग पर हमेशा लगता है जाम आवागमन बाधित होने से लोगों को परेशानियां झेलना पड़ती है. बार-बार जाम लगने की स्थिति आखिर क्यों निर्मित होती है इसके पीछे मुख्यत: वजह देखी जाए तो अव्यवस्थित यातायात एवं सड़क के समीप खड़े वाहनों कि रेलमपेल से आवागमन को बाधित होता हैं.**

नगर के इंदर चौराहा पर तो इस परेशानी से हमेशा आम नागरिकों एवं वाहन चालकों को परेशानी झेलने पर मजबूर होना पड़ता रहता है. जिसमें हाट बाजार या त्योहार के समय यह परेशानी अपना उग्र रूप ले लेती है ऐसे में अनेकों बार पैदल राहगीर से लेकर वाहन चालकों के बीच आपसी कहा सुनी की नौबत भी आ जाती है. समाचार पत्र के माध्यम से प्रशासन को जागरूक करने का समय समय पर प्रयास रहा लेकिन प्रशासनिक स्तर पर अभी तक किसी भी तरह के कोई ठोस निर्णय नहीं हो पाना लोगों के लिए सिर दर्द बना हुआ है.

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आज

**राजगढ़, 28 अक्टूबर, का.** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल उपयोगिता समिति डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आज 11 बजे जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी. बैठक में जलाशयों में उपलब्ध जल की मात्रा का आंकलन कर रबी सिंचाई लक्ष्य वर्ष 2025-26, समुचित फसलों का चुनाव और पानी का श्रेष्ठतम उपयोग, सिंचाई प्रणाली की कमियों को दूर कर पानी के नुकसान में कमी करना, पेयजल हेतु आवश्यक प्रावधान, जल कर की वसूली तथा अन्य विषय पर चर्चा की जाएगी. सचिव एवं कार्यपालन यंत्री जिला जल उपयोगिता समिति जे.के. ठाकुर ने सभी से नियत समय पर बैठक में उपस्थित रहने की अपेक्षा की है.

# निजी और राजनैतिक लाभ में उलझा सुविधाघर निर्माण



नवभारत न्यूज

**छापीहेड़ा 28 अक्टूबर, सं. नगर के बीच मुख्य विशाल तालाब परिसर पर पिछले काफी समय से सुविधाघर निर्माण की योजना पुन: टांय टांय फिस्स हो ही गयी. इस निर्माण के लंबित होने अथवा नहीं बनने के पीछे अनदेखी और स्वार्थ नजर आ रहा है.**

इस विशाल परिसर के तीन कोनो पर 10 से 20 फीट की चौड़ाई के रोड़ है. लेकिन मुख्य मंच के पीछे 4-5 फीट की संकरी गली में ही निर्माण का बीड़ा उठाना ही नपा के गले की हड्डी बन रहा है. जबकि विशाल परिसर के तीनों ओर काफी जगह को नपा भी क्यो नही देख पा रही यह समझ से परे है. जबकि तीनों ओर के चौड़े सड़क मार्ग पर रहवासियों से परे काफी जगह है. लेकिन उन जगहों को देखने और तय करने की बजाय नपा के जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की आंखों पर चश्मा क्यो चढ़ा है। उनको क्यो नही दिखाई दे रहा है. यह समझ से परे है. अबकी बार के निर्माण प्रारम्भ होने के दौरान मोके पर मुख्य नपाधिकारी हरिओम शर्मा, अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण विसलिया, इंजीनियर बादल नरगावे, शिवा इंग्ले सहित अन्य भी निर्माण सम्बन्धी योजना के मुद्दों पर चर्चा कर चुके है. लेकिन स्वार्थरहित निष्पक्ष ओर व्यापक सोच के अभाव में अंत: निर्माण कार्य फिर टांय टांय फिस्स हो लटक गया है.

उल्लेखनीय तथ्य यह भी है कि जिस सांस्कृतिक मंच पर पूरे वर्ष नवरात्रि, गणेशोत्सव, धार्मिक प्रवचनों के कार्यक्रम, सहित अन्य कार्यक्रम होते ही रहते है। उस मंच के पीछे की 3-4 ?ीट की संकरी जगह में सार्वजनिक सुविधाकेन्द्र बनाना नितांत ही बेतुका निर्णय जिस पर क्यो जिम्मेदार अ? है। अत्यंत बचकाना हरकत है। जबकि आसपास के समूचे नागरिक इसका पुरजोर विरोध कर रहे है.

जो भी निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न करें उन पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी शीघ्र ही निर्माण कार्य किया जाएगा.

**बादल नरगावे इंजीनियर**

**सम्मेलन** ▶ **जिला स्तरीय युवा सम्मेलन का आयोजन मंगलभवन राजगढ़ में किया गया**

# भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है




नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 28 अक्टूबर, का. जिला स्तरीय युवा सम्मेलन का आयोजन मंगलभवन 28 अक्टूबर दोपहर 1 बजे राजगढ़ मंगल भवन में किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद रोडमल नागर, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर की अध्यक्षता, विधायक अमर सिंह यादव विशेष अतिथि इस अवसर पर पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा प्रताप मंडलोई प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिलबर यादव व मोना सुस्तानी पूर्व जिला अध्यक्ष दीपेंद्र चौहान जिला महामंत्री अमित शर्मा रामचंद्र जलालिया युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष केपी पवार उपस्थित रहे.**

सांसद रोडमल नागर ने अपने संबोधन में कहा कि भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और अब तीसरे स्थान की ओर तेजी से बढ़ रहा है. उन्होंने कहा कि पहले हम रक्षा उपकरणों के आयातक थे, आज हम निर्यातक हैं. सुपर सोनिक मिसाइल, पनडुब्बी और अनेक प्रकार के स्वदेशी हथियार देश में निर्मित हो रहे हैं. भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर भाजपा रन फॉर यूनिटी का आयोजन करेगी. 31 नवंबर को इस दौड़ में कार्यकर्ता राष्ट्रीय ध्वज लेकर एकता का संदेश देंगे. विधायक अमर सिंह यादव ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की ओर अग्रसर है. भारत किसी भी वस्तु या सेवा के लिए दूसरे देशों पर निर्भर न रहे.

कार्यक्रम में भाजपा जिला पदाधिकारी जसवंत गुर्जर, शैलेश गुप्ता, जगदीश नागर, ईश्वर सिंह तोमर, नपाध्यक्ष विनोद साहू, पूर्व जिला महामंत्री मनोज हाड़ा, मंडल अध्यक्ष मनीष जोशी, पूजा सोंधिया, जिला मीडिया प्रभारी आनंद त्रिपाठी, सह प्रभारी जगदीश दास सहित भाजपा एवं युवा मोर्चा कार्यकर्ता मौजूद रहे. मंच संचालन युवा मोर्चा महामंत्री उत्कृष्ट एवं आभार श्रवण ने माना.

# थानों में जनसुनवाई लगाने पर जोर

## एसपी ने टीम के साथ की अपराध समीक्षा

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 28 अक्टूबर, का. 27 अक्टूबर को प्रात: 11 बजे से कंट्रोल रूम, राजगढ़ में अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया. बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी द्वारा की गई.**

जिसमें सभी अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) एवं थाना प्रभारियों ने उपस्थित होकर सहभागिता की. बैठक में जिले के गंभीर अपराधों की समीक्षा की गई तथा उनकी विवेचना की प्रगति, आरोपियों की गिरफ्तारी, चार्जशीट प्रस्तुतिकरण, लंबित वारंटों की तामीली, जप्त मशरूका के साथ-साथ सायबर एवं महिला संबंधी अपराधों पर भी विस्तृत चर्चा की गई. पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों की विवेचना शीघ्र पूर्ण कर न्यायालय में प्रस्तुत करें. वारंटियों, स्थायी वारंटियों एवं उद्घोषित अपराधियों की धरपकड़ अभियान को प्राथमिकता दें.

नशा, जुआ-सट्टा, अवैध खनन एवं अवैध शराब पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें. नाबालिगों की गुमशुदगी, महिला सुरक्षा एवं सायबर अपराध नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया जाए. थाना स्तर पर जनसुनवाई एवं बीट स्तर पर पुलिस-जन संवाद कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएं. बैठक में पुलिस अधीक्षक ने अपराध नियंत्रण एवं जनसहभागिता के माध्यम से जिले में शांतिपूर्ण एवं अपराधमुक्त वातावरण बनाए रखने हेतु सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए.